# HAPUR POLICE

## प्रेस नोट

**थाना - सिम्भावली** **दिनांक 18.09.2026**

- **थाना सिम्भावली पुलिस ने पहचान छिपाकर शादी कर चोरी करने की घटना कारित करने वाली अभियुक्ता (दुल्हन) को किया गिरफ्तार।**
- **जिसके कब्जे से चोरी किये गये आभूषण व फर्जी दस्तावेज बरामद।**
- **गिरफ्तार अभियुक्ता द्वारा अपने फरार सहयोगी साथी लक्ष्मण के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से सीमा नाम बदलकर ग्राम लिसडी निवासी विनोद से शादी की गयी थी तथा मौका पाकर घर से आभूषण आदि लेकर फरार हो गयी थी।**

**कार्यवाही:-**

हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना सिंभावली पुलिस द्वारा थाने के मु0अ0सं0 246/2026 धारा 305(a) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्ता को गंगा एक्सप्रेसवे पुल के पास से गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से चोरी किये गये आभूषण व फर्जी दस्तावेज बरामद हुए है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।



**गिरफ्तार अभियुक्ता का नाम व पता:-**

मसुरा शेख पुत्री सोनू शेख निवासी दिघिरपार परुलिया कोस्टल जनपद कमार्पोल (वेस्ट बंगाल)।

**बरामदगी का विवरण:-**

1. एक अंगुठी पीली धातु व एक जोडी पायल सफेद धातु।
2. फर्जी दस्तावेज (भिन्न-भिन्न नाम के 02 आधार कार्ड व एक पैन कार्ड)

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-**

1. उ0नि0 श्री अंकुर कुमार थाना सिम्भावली जनपद हापुड।
2. का0 393 रंजीत कुमार थाना सिम्भावली जनपद हापुड।
3. म0का0 335 कंचन थाना सिम्भावली जनपद हापुड।